**Series HRL/2**

Code No. **32/2/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **10** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **29** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# SOCIAL SCIENCE

# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

**General Instructions :**

(i) *There are **29** questions in all. All questions are compulsory.*

(ii) *Marks for each question are indicated against the question.*

(iii) *Questions from serial number **1** to **10** are **1**-mark questions. Answer of these questions may be from **one word** to **one sentence**.*

(iv) *Questions from serial number **11** to **18** are **3**-marks questions. Answer of these questions should not exceed **80** words each.*

(v) *Questions from serial number **19** to **28** are **4**-marks questions. Answer of these questions should not exceed **100** words each.*

(vi) *Question number **29** is a map work question. Attach the map inside your answer book.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) *कुल **29** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रश्न **एक-एक** अंक के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **एक शब्द** अथवा **एक वाक्य** से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **11** से **18** तक के प्रश्न **तीन-तीन** अंकों के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **19** से **28** तक के प्रश्न **चार-चार** अंकों के हैं । इन प्रश्नो का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **29** मानचित्र से संबंधित प्रश्न है । दिया गया मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए ।*

**1.** Where was the first printing press established in India ? *1*

**OR**

Name the earliest novel written in Marathi language. *1*

भारत में पहला प्रिंटिंग प्रेस कहाँ स्थापित हुआ ?

**अथवा**

मराठी भाषा में सबसे पहले लिखे गए उपन्यास का नाम बताइए ।

2. Name the dam, constructed on Narmada river. *1*

नर्मदा नदी पर बने बाँध का नाम बताइए ।

3. Why is iron and steel industry called the basic industry ? *1*

लोहा और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है ?

4. Name the terminal cities of North-South corridor. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

उत्तर-दक्षिण गलियारे के अन्तिम सिरों के नगरों के नाम बताइए ।

5. How does social difference lead to social division ? *1*

सामाजिक अन्तर किस प्रकार सामाजिक विभाजन का कारण बनता है ?

6. Mention one similarity and one dissimilarity between John Carlos and Peter Norman. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

जॉन कार्लोस और पीटर नॉर्मन के बीच एक समानता और एक असमानता बताइए ।

7. When does a political party get recognition as a national party in India ? *1*

भारत में किसी राजनीतिक दल को राष्ट्रीय दल के रूप में कब मान्यता मिलती है ?

8. What is 'Public Distribution System' (PDS) ? *1*

'सार्वजनिक वितरण प्रणाली' (पी.डी.एस.) क्या है ?

9. Mention two main components of 'Human Development Index'. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

'मानव विकास सूचकांक' के दो मुख्य घटकों का उल्लेख कीजिए ।

10. Name the neighbouring country of India which had higher rank in Human Development Index for 2004 than India. *1*

भारत के पड़ोसी देश का नाम बताइए जिसका 2004 के मानव विकास सूचकांक में भारत से ऊँचा स्थान था ।

11. Describe in brief the reactions of the people immediately after Jallianwala Bagh incident. $3\times1=3$

जलियाँवाला बाग की घटना के तुरन्त बाद आम जनता की प्रतिक्रियाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

**12.** Study the given passage carefully and answer the questions that follow : *1+2=3*

On 6 January, 1921, the police in United Provinces fired at peasants near Rae Bareli. Jawaharlal Nehru wanted to go to the place of firing, but was stopped by the police. Agitated and angry, Nehru addressed the peasants who gathered around him. This is how he later described the meeting :

'They behaved as brave men, calm and unruffled in the face of danger. I do not know how they felt but I know what my feelings were. For a moment my blood was up, non-violence was almost forgotten – but for a moment only. The thought of the great leader, who by God's goodness has been sent to lead us to victory, came to me, and I saw the *kisans* seated and standing near me, less excited, more peaceful than I was – and the moment of weakness passed. I spoke to them in all humility on non-violence – I needed the lesson more than they – and they heeded me and peacefully dispersed.'

(12.1) Why were the peasants of Awadh agitating against the Talluqdars and the Landlords ? *1*

(12.2) Explain the feelings of Nehru when he addressed the peasants. *2*

दिए गए अनुच्छेद का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

6 जनवरी, 1921 को संयुक्त प्रांत में रायबरेली के पास पुलिस ने किसानों पर गोली चलाई । जवाहरलाल नेहरू घटनास्थल का दौरा करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया । गुस्से में नेहरू ने अपने आस-पास खड़े किसानों को ही संबोधित किया । बाद में इस सभा के बारे में उन्होंने बताया था :

'उनका आचरण ख़तरे के सामने होते हुए भी बहादुर, शांत और निश्चिंत लोगों जैसे था । पता नहीं उन्हें क्या महसूस हो रहा था लेकिन मुझे पता है कि मैं क्या महसूस कर रहा था । एक पल के लिए मेरा भी खून खौल उठा था, अहिंसा तो न जाने कहाँ छूट गई थी – लेकिन सिर्फ़ एक पल के लिए । जिसे ईश्वर की कृपा से हमें विजयद्वार पर ले जाने के लिए भेजा गया है उस महान् नेता के विचार मुझे याद आ गए और मैंने देखा कि मेरे आस-पास बैठे और खड़े किसान मेरे से कम उत्तेजित, मेरे से ज़्यादा शांत थे । मेरी दुर्बलता का यह क्षण बीत गया । मैंने पूरी विनम्रता के साथ अहिंसा पर उनसे बात की – यह सबक उनसे ज़्यादा मुझे सीखना था – उन्होंने मेरी बात समझी और शांति से चले गए ।'

(12.1) अवध के किसान, तालुकदारों और जमींदारों के खिलाफ़ आन्दोलन क्यों कर रहे थे ?

(12.2) किसानों को सम्बोधित करते समय नेहरूजी की भावनाओं को स्पष्ट कीजिए ।

*Note :* *Below are given **three** Groups A, B and C for questions number 13 and 14. Select any one group for answering these two questions.*

नोट : *प्रश्न संख्या 13 और 14 के लिए नीचे क, ख और ग **तीन** समूह दिए गए हैं । इन दोनों प्रश्नों के उत्तर के लिए किसी एक समूह को ही चुनिए ।*

## GROUP A

## समूह क

**13.** What were 'Corn Laws' ? Why did the British Government decide to abolish these laws ? *1+2=3*

'कॉर्न कानून' क्या थे ? ब्रिटिश सरकार ने इन्हें वापस करने का निर्णय क्यों किया ?

**14.** Why could Britain not recapture their hold on the Indian market after the First World War ? Explain. *3*

प्रथम विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन भारतीय बाजारों पर पुनः अपनी पकड़ क्यों नहीं बना सका ? स्पष्ट कीजिए ।

## GROUP B

## समूह ख

**13.** Explain the miserable conditions of industrial workers in Britain during the nineteenth century. *3×1=3*

उन्नीसवीं सदी के दौरान ब्रिटेन में उद्योगों में काम करने वाले मज़दूरों की दयनीय दशाओं को स्पष्ट कीजिए ।

**14.** Why was the first underground railway started in London ? Explain its two features. *1+2=3*

सबसे पहला भूमिगत रेलमार्ग लंदन में क्यों प्रारम्भ हुआ ? इसकी दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

## GROUP C

## समूह ग

**13.** Explain the impact of the Great Depression on Indian farmers in the early twentieth century. *3×1=3*

बीसवीं सदी के प्रारम्भ में भारतीय किसानों पर महामंदी के प्रभावों को स्पष्ट कीजिए ।

**14.** Why were housing schemes planned for the workers in London in the beginning of the twentieth century ? Explain. *3×1=3*

बीसवीं सदी के प्रारम्भ में लंदन में मज़दूरों के लिए आवासीय योजनाएँ क्यों प्रारम्भ की गईं ? स्पष्ट कीजिए ।

15. Who invented the printing press ? How did he develop the printing technology ? *1+2=3*

**OR**

Who wrote the novel 'Saraswativijayam' ? Briefly explain its theme. *1+2=3*

प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया ? उसने प्रिंटिंग तकनीक का विकास किस प्रकार किया ?

**अथवा**

'सरस्वतीविजयम' नामक उपन्यास किसने लिखी ? इस उपन्यास के मूल भाव को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

16. Examine any three problems of road transportation in India. *3×1=3*

भारत में सड़क परिवहन की किन्हीं तीन समस्याओं की समीक्षा कीजिए ।

17. What is single issue movement ? How does it differ from a long term movement ? Explain with examples. *1+2=3*

एक विशेष मुद्दे पर केन्द्रित आंदोलन क्या है ? यह लम्बी समयावधि वाले आंदोलन से किस प्रकार भिन्न है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

18. What is the three-tier quasi-judicial machinery set up for redressal of consumer disputes ? Mention their jurisdiction. $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$

उपभोक्ता विवादों के निपटारे के लिए स्थापित किया गया त्रि-स्तरीय न्यायिक तंत्र क्या है ? उनके क्षेत्राधिकार का उल्लेख कीजिए ।

19. Describe in brief any four features of the 'Vienna Treaty' of 1815. *4×1=4*

**OR**

Describe four main features of the 'Tonkin' free school. *4×1=4*

1815 की 'विएना संधि' की किन्हीं चार विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

'टोंकिन' फ्री स्कूल की चार मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

20. What is the importance of soil ? Explain any three features of black soil. *1+3=4*

मृदा का क्या महत्त्व है ? काली मृदा की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

**21.** Look at the given picture carefully and answer the questions that follow : *1+2+1=4*



(21.1) Name the crop shown in the picture.

(21.2) What type of climate and soils are needed for growing this crop ?

(21.3) Name the two major producing states of this crop.

ऊपर दिए गए चित्र को सावधानीपूर्वक देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(21.1) चित्र में दिखाई गई फसल का नाम बताइए ।

(21.2) इस फसल को उगाने के लिए किस प्रकार की जलवायु और मृदा की आवश्यकता होती है ?

(21.3) इस फसल के दो प्रमुख उत्पादक राज्यों के नाम बताइए ।

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates only****, in lieu of Q. No. 21.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है ।*

Describe any four characteristics of plantation farming. *4×1=4*

रोपण कृषि की किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

**22.** Distinguish between conventional sources of energy and non-conventional sources of energy. Explain four points of difference. *4×1=4*

परंपरागत ऊर्जा के स्रोतों और ग़ैर-परम्परागत ऊर्जा के स्रोतों में अन्तर के चार बिन्दु स्पष्ट कीजिए ।

**23.** What is majoritarianism ? How has it increased the feelings of alienation among Sri Lankan Tamils ? Explain with examples. *1+3=4*

बहुसंख्यकवाद से क्या अभिप्राय है ? इसने श्री लंका के तमिलों के बीच किस प्रकार अलगाववाद की भावनाएँ पैदा की ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

24. Explain any four forms of casteism in Indian politics. *4×1=4*

भारतीय राजनीति में जातिवाद के किन्हीं चार रूपों की व्याख्या कीजिए ।

25. Why is democracy known as a better form of government ? Explain four reasons. *4×1=4*

लोकतंत्र को एक बेहतर सरकार के रूप में क्यों जाना जाता है ? चार कारण स्पष्ट कीजिए ।

26. What is Gross Domestic Product (GDP) ? How do we count the various goods and services for calculating Gross Domestic Product ? Explain with examples. *1+3=4*

सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) क्या है ? इसका परिकलन करने के लिए विविध वस्तुओं और सेवाओं की गणना हम कैसे करते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

27. Who supervises the functioning of banks ? In what ways is the supervision done ? *1+3=4*

बैंकों की गतिविधियों पर पर्यवेक्षण कौन करता है ? यह पर्यवेक्षण किस प्रकार किया जाता है ?

28. What is globalisation ? How do we feel the direct impact of globalisation on our daily life ? Explain with examples. *1+3=4*

वैश्वीकरण क्या है ? हम अपने दैनिक जीवन पर वैश्वीकरण के प्रत्यक्ष प्रभाव को किस प्रकार अनुभव करते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

29. Six features with serial numbers (i) to (vi) are marked in the given political outline map of **India** (on page 11). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map : *6×1=6*

(i) A region of large scale industries in 1931

(ii) An important centre of overseas trade of India during seventeenth century

(iii) A Bauxite Mine

(iv) A Mica Mine

(v) A Silk Textile Centre

(vi) An important Thermal Power Station

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the given political outline map of **India** (on page 12) : *6×1=6*

(i) Champaran

(ii) Amritsar

(iii) Hirakud – Dam

(iv) Tarapur – Nuclear Power Plant

(v) Bhadrawati – Iron and Steel Plant

(vi) Hyderabad – Software Technology Park

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में क्रम संख्या (i) से (vi) द्वारा छः लक्षण अंकित किए गए हैं । नीचे दी गई जानकारी की मदद से इन लक्षणों को पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र में अंकित रेखाओं पर लिखिए :

(i) 1931 में बड़े पैमाने के उद्योगों का एक प्रदेश

(ii) सत्रहवीं शताब्दी में भारत का एक महत्त्वपूर्ण विदेशी व्यापार केन्द्र

(iii) बॉक्साइट की एक खान

(iv) अभ्रक की एक खान

(v) रेशमी वस्त्र उद्योग का एक केन्द्र

(vi) एक महत्त्वपूर्ण ताप विद्युत् केन्द्र

**अथवा**

**भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) में निम्नलिखित मदों को उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) चम्पारन

(ii) अमृतसर

(iii) हीराकुड – बाँध

(iv) तारापुर – आण्विक (नाभिकीय) शक्ति संयंत्र

(v) भद्रावती – लोहा और इस्पात संयंत्र

(vi) हैदराबाद – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

*Note :* *The following questions are for the* ***Blind Candidates only,*** *in lieu of Q. No. 29.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं ।*

(29.1) Name the city where Jallianwala Bagh incident occurred.

(29.2) Name the southernmost industrial centre of India in 1931.

(29.3) Name the river on which Hirakud Dam is constructed.

(29.4) Name the iron and steel plant located in Karnataka.

(29.5) Name the major mica field of Rajasthan.

(29.6) In which state is the Loktak thermal power plant located ? *6×1=6*

(29.1) उस नगर का नाम बताइए जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटी ।

(29.2) सन् 1931 में भारत के सबसे दक्षिणी औद्योगिक केन्द्र का नाम बताइए ।

(29.3) उस नदी का नाम बताइए, जिस पर हीराकुड बाँध बना है ।

(29.4) कर्नाटक में स्थित लोहा और इस्पात संयंत्र का नाम बताइए ।

(29.5) राजस्थान के प्रमुख अभ्रक क्षेत्र का नाम बताइए ।

(29.6) लोकटक ताप विद्युत् संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?